# वि.वि. के पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

जबलपुर। आज दिनांक को देशभर में होने वाले सड़क हादसों को राकने के उद्देश्य से देशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान चल रहा है। इसमें समाज के साथ सरकार प्रशासन के तंत्र की सहभागिता भी हो रही है। इसी क्रम में डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, माननीय कुलपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के निर्देश अनुसार दिनॉक 09 दिसम्बर, 2022 शुक्रवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे इस अवसर पर पशुचिकित्सा परिसर, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सड़क हादसे रोकने और सुरक्षा के उपायें बरतने की शपथ ली। शपथ पत्र का वाचन अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आर. के. शर्मा के द्वारा किया गया। इनके द्वारा सड़क हादसों में होने वाली मौतों के आंकड़े व्यक्त किये, एवं सभी को सुरक्षा के उपाय अपनाने हेतु प्रेरित किया।

इस दौरान सभी चिकित्सीय विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अपरा शाही, डॉ. कविता रॉय, के साथ डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ.अमिता तिवारी, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. रणवीर सिंह जाटव, डॉ. ब्रजेश सिंह, डॉ. नितिन बजाज व डॉ. माधुरी ध्रर्वे उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर